17.03.2024 | आकाशवाणी, भोपाल | 07.10पीएम

सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद राजनीतिक सरगर्मियां तेज, प्रधानमंत्री की आंध्रप्रदेश में और कांग्रेस की मुंबई में रैली।
- लोकसभा चुनाव के लिए जिला स्तर पर तैयारियां जारी। आदर्श आचार संहिता पालन के लिए बैठकों का आयोजन।
- निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉड संबंधी सर्वोच्च न्यायालय से प्राप्त डिजिटल डाटा को वेबसाइट पर किया अपलोड।
- प्रदेश के 6 जिलों में बारिश और तेज हवाओं के लिये ओरेंज अलर्ट जारी।

राजनीतिक हलचल

लोकसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के साथ ही देश में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और जन सेना पार्टी के अध्यक्ष पवन कल्याण आंध्रप्रदेश के पलनाडु में एनडीए की महारैली को संबोधित किया। राज्य में लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव भी 13 मई को होना है। रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये हैं।

इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गाँधी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव का संघर्ष भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच ही नहीं बल्कि दो विचारधाराओं के बीच है। श्री गांधी दक्षिण मुंबई में तेजपाल हॉल में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। श्री गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की समापन रैली आज शाम शिवाजी पार्क में होने जा रही है। इसमें राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के अलावा एनसीपी प्रमुख शरद पवार और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन सहित इंडी गठबंधन के प्रमुख नेताओं के शामिल होने की संभावना है।

लोकसभा चुनाव तैयारियां–प्रदेश –1–

प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न तैयारियां शुरू हो गई है। वहीं आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए निर्देश जारी किए जा रहे हैं। धार जिला मुख्यालय पर जिला पंचायत सभागार में लोकसभा निर्वाचन के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों की उपस्थिति में स्टैडिंग कमेटी की बैठक ली। उन्होंने बताया कि राजनैतिक दल, संस्था या संगठन, बिना अनुमति किसी भी प्रकार की वाहन रैली नहीं निकालेगा। साथ ही धरना प्रदर्शन, रैली, जुलूस आदि के लिए भी विधिवत अनुमति लेनी होगी। बैतूल में भी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर ने आचार संहिता पर बिन्दूवार चर्चा की। जिला कलेक्टर ने बताया कि अक्षम और 85 वर्ष से अधिक के मतदाता जो मतदान केन्द्र जाकर मतदान नहीं कर सकते उनका सहमति पत्र प्राप्त होने के उपरांत उन्हें घर पर मतदान की सुविधा दी जाएगी। बीएलओ के माध्यम से ऐसे सभी मतदाताओं को सहमति पत्र पहले से ही वितरित करवाए जाएंगे। खण्डवा में आज पुलिस कंट्रोल रूम से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सेंट्रल आर्म्स पैरामिलिट्री फोर्सेस एवं पुलिस बल के साथ शहर के मुख्य मार्गों से पैदल फ्लैग मार्च निकाला।

मंदसौर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला पंचायत स्थित एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर नजर रखने के लिए बनाए गए टीवी कंट्रोल रूम का अवलोकन भी किया। पेपर एवं एफएम रेडियो पर पेड न्यूज एवं विज्ञापनो पर नजर रखने के लिए गठित निगरानी दल का अवलोकन किया। शिवपुरी जिले में निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक निर्वाचकों को प्रभावित कराने के उद्देश्य से नकद राशि के प्रबंध को प्रतिबंधित किया गया है। इसकी निगरानी के लिए स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) तथा उड़नदस्तों (एफएसटी) दलों का गठन किया गया है। गुना के जिला कलेक्टर ने आज राघौगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्रामों का भ्रमण किया।

आयोग–आदर्श आचार संहिता

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव और चार राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। निर्वाचन आयोग ने कैबिनेट सचिव, सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि वॉल पेन्टिंग, पोस्टर, पर्चे और इस तरह की सभी सामग्री को 24 घंटे के भीतर हटा लिया जाए। आयोग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी राजनीतिक दल और उम्मीदवार के द्वारा चुनाव प्रचार के लिए सरकारी वाहनों के इस्तेमाल पर पूर्ण रूप से पाबंदी होगी। इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया पर सरकार की उपलब्धियों बताने वाले विज्ञापनों की अनुमति नहीं होगी। निर्वाचन अधिकारी राज्य सरकार के विभागों की वेबसाइट से राजनीतिक कार्यक्रमों के चित्र तुरंत हटाएंगे। निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा है कि विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में, शिकायतों के निपटान के लिए एक कॉल सेन्टर स्थापित किया जा रहा है। इसका नंबर 1950 है। आयोग ने कहा है मतदाता जागरूकता के लिए रेडियो, टीवी, सिनेमा और सरकारी चैनल के माध्यम से कार्यक्रम प्रसारित किए जा सकेंगे।

निर्वाचन आयोग चुनावी बॉड

निर्वाचन आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री से प्राप्त डिजिटल डाटा आज अपनी वेवसाइट पर अपलोड कर दिया है। यह डाटा निर्वाचन आयोग की वेवसाइट **www.eci.gov.in/candidate.politicalparty** पर देखा जा सकता है।

निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार राजनीतिक दलों ने चुनावी बॉड से संबंधित डाटा सीलबंद लिफाफे में दिया था और लिफाफे को खोले बिना इन्हें सर्वोच्च न्यायालय को सौंपा गया था।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर मौसम में बदलाव आया है। कुछ जिलों में कहीं–कहीं बारिश और ओले गिरने के समाचार हैं। मौसम विभाग ने ओलावृष्टि और बिजली गिरने को लेकर अनूपपुर, डिंडोरी, पाण्डूरना, सिवनी, मंडला और बालाघाट जिलों में ओरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही हल्की वर्षा और तेज हवाओं के लिए रायसेन, बैतूल, जबलपुर, सागर सहित 10 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार विदिशा, बैतूल, उमरिया जिलों में कहीं–कहीं बारिश हो सकती है। इस बीच पिछले 24 घंटों में जबलपुर संभाग में कहीं–कहीं बारिश दर्ज की गई। सर्वाधिक न्यूनतम तापमान देवास जिले के कन्नोद में 21 दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं सबसे अधिक तापमान बड़वानी के तालून में 36 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच बैतूल जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से ग्राम बारव्हीं में चार मवेशियों की मौत हो गई है। वहीं शाहपुर ब्लाक में बारिश से फसलों काफी नुकसान उठाना पड़ा है।

डब्ल्यू पीएल–क्रिकेट

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट का फाइनल मैच रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और देलही कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। यह मैच अब से कुछ देर बाद नई दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में होगा।

मेग लेनिंग की कप्तानी में, देलही कैपिटल्स ने अब तक अपने आठ में से छह मैच जीते हैं। वहीं स्मृति मंधाना की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स ने अब तक चार मैच जीते हैं।

निर्वाचन आयोग – अरुणाचल सिक्किम

निर्वाचन आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना की तारीख बदल दी है। इन राज्यों में विधानसभा चुनाव की मतगणना अब 4 जून के स्थान पर 2 जून का होगी। आयोग ने कहा है कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना तिथि में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

स्टार्टअप महाकुंभ

स्टार्टअप महाकुंभ कल से नई दिल्ली में भारत मंडपम में शुरु होगा और 20 मार्च तक चलेगा। महाकुंभ में एआई, बीटूबी, एग्रीटेक, डीपटेक, क्लाईमेट टेक, गेमिंग, ई–स्पोर्ट्स, फिनटेक जैसे अनेक पवेलियन देखने को मिलेंगे। इस महाकुंभ का उद्देश्य पूंजीपतियों और निवेशकों को भारतीय व्यापार के साथ जोड़ना है। डीपीआईआईटी के सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि यह एक अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है।

समाचार संक्षेप में :–

- जबलपुर रेल मण्डल अब एक नया प्रयोग कर रहा है जिसके तहत रेल कर्मचारी यात्रियों के पास जाकर जनरल टिकट देंगे। इसके लिए जबलपुर रेल मंडल के कमर्शियल विभाग को मोबाइल टिकट मशीनें दी है।
- बैतूल जिले के 10 विकासखंडों को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। यहां निजी नलकूपों के खनन पर 30 जून तक प्रतिबंध रहेगा।
- होली पर्व पर आठ दिन पहले लगने वाले होलाष्टक आज से प्रारंभ हो गये। इस दौरान कोई शुभ कार्य नहीं किये जाते हैं। आगरमालवा में इस अवधि में भजन कीर्तन और फागोत्सव के कार्यक्रम आयोजित होगें।

––––––––––––––